Seat No. : _______________

TJ-104

B.A. Sem.-I
May-2013

Hindi (EC-I-104)

(आधुनिक हिन्दी कहानी)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (१) **सभी** प्रश्नों के उत्तर सूचनानुसार लिखें ।
(२) किसी भी प्रश्न के सभी विभागों के उत्तर एक साथ लिखें ।
(३) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में न लिखकर पूरे वाक्य में लिखें ।

१. (अ) 'कफन' कहानी में व्यक्त सामाजिक यथार्थ की सविस्तार चर्चा कीजिए । ७

अथवा

" 'पत्नी' कहानी एक सफल मनोवैज्ञानिक कहानी है" – समझाइए ।

(ब) 'ग्रेंगीन' कहानी के शीर्षक पर प्रकाश डालते हुए उसके उद्देश्य की चर्चा कीजिए । ७

अथवा

" 'रसप्रिया' कहानी एक विशिष्ट अंचल की ध्वस्त होती सांस्कृतिक धरोहर की मार्मिक पीड़ा से परिपूर्ण है" – स्पष्ट कीजिए ।

२. (अ) 'दिल्ली में एक मौत' कहानी में निहित महानगरीय जीवन की संवेदन शून्यता को निरूपित कीजिए । ७

अथवा

'डिप्टी कलक्टरी' कहानी के कथा की चर्चा करते हुए शकल दीप बाबू की महत्वाकांक्षा को आलेखित कीजिए ।

(ब) 'हत्या और आत्महत्या के बीच' कहानी में रूढ़ परम्पराओं और सामाजिक दबावों के द्वन्द्व में फँसी नारी की व्यथा को उजागर किया गया है – स्पष्ट कीजिए । ७

अथवा

'गदल' नारी चेतना की जीती जागती तस्वीर है – चर्चा कीजिए ।

३. (अ) संक्षेप में लिखिए : ८

(१) 'कफन' कहानी का माधव

अथवा

'रसप्रिया' कहानी का मिरदंगिया

(२) 'गदल' कहानी का कारज प्रसंग

अथवा

'हत्या और आत्महत्या के बीच' कहानी का अंत ।

(ब) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : ८

(१) किसी को सताया नहीं, किसी को दबाया नहीं । मरते-मरते हमारी जिन्दगी की सबसे बड़ी लालसा पूरी कर गई । वह न बैकुण्ठ जायेगी तो क्या ये मोटे - मोटे लोग जाएँगे ।

अथवा

धूल में पड़े कीमती पत्थर को देखकर जौहरी की आँखों में एक नई सलक झिलमिला गयी - अपरूप - रूप !

(२) पागल हुई है क्या, वे लोग नहीं चाहते कि तुम नौकरी करो । अभी बिना वजह उनका व्यवहार बुरा है, कहीं उनकी इच्छा के वर खिलाफ तुमने नौकरी कर ली तो वे लोग पता नहीं क्या-क्या सोचें और करें ।

अथवा

डरता था, जग हँसेगा । बेटे सोचेंगे, शायद चाचा का अम्मा से पहले से ही नाता था, तभी तो चाचा ने दूसरा ब्याह नहीं किया ।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के **दो** या **तीन** वाक्यों में उत्तर दीजिए : १२

(१) घीसू और माधव ने कफन के पैसों का क्या किया ?

(२) गदल ने अपना परिवार छोड़कर मौनी के यहाँ बसने का निर्णय क्यों लिया ?

(३) शोभा बुआ ने आत्महत्या क्यों की ?

(४) 'डिप्टी कलक्टरी' के इम्तहान में नारायण कितनी बार फेल हुए ?

(५) मोहना कौन था ? उसकी क्या विशेषता थी ?

(६) सेठ दीवानचंद कौन थे, उनकी मौत कहाँ पर हुई ?

५. सूचनानुसार उत्तर दीजिए : १४

(अ) उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :

(१) बाबूजी और शोभा बुआ की उम्र में ________ साल का फर्क था ।

(क) आठ (ख) पन्द्रह

(ग) बीस (घ) पाँच

(२) मिरदंगिया ने मोहना को __________ रुपये दिये थे ।

(क) पचास (ख) तीस

(ग) चालीस (घ) पाँच

(३) प्रेमचंद का मूल नाम __________ था ।

(क) धनपतराय (ख) अजायबराय

(ग) राय साहब (घ) मुक्ति बोध

(४) रमपतिया के पिता का नाम था __________ ।

(क) नन्दू बाबू (ख) विद्यापति

(ग) जोधन गुरु (घ) अजोधा दास

(५) गदल के बड़े बेटे का नाम __________ था ।

(क) नारायण (ख) गुन्ना

(ग) डोड़ी (घ) निहाल

(ब) निम्नलिखित विधान सही है या गलत उत्तर दीजिए :

(१) 'हत्यारिन ! तुझे कत्ल कर दूँगा' – कथन मौनी का है । (सही / गलत)

(२) 'तू बड़ा बेदर्द है बे !' – कथन घीसू का है । (सही / गलत)

(३) 'अभी आए नहीं दफ्तर में हैं ।' – कथन मालती का है । (सही / गलत)

(४) 'जाने दीजिए, दूसरी घड़ी हो जाएगी ।' कथन शोभा बुआ का है । (सही / गलत)

(५) 'बबुआ डिप्टी कलक्टर अवश्य होंगे' – कथन जमुना का है । (सही / गलत)

(स) सही जोड़े मिलाइए :

विभाग 'अ'	**विभाग 'ब'**
(i) यह गुणवान मर रहा है ।	(i) बाबू जी
(ii) चिता में आग लगा दी गई है ।	(ii) रसप्रिया
(iii) यह सब तैने किया है ।	(iii) कफन
(iv) शोभा पढ़कर डाक्टर बनेगी ।	(iv) गदल
	(v) दिल्ली में एक मौत